**बिहार सरकार**

**योजना एवं विकास विभाग**

का0आ0सं0 : यो0स्था04 / 2–01 / 2026 / यो0वि0,पटना,दिनांक जनवरी, 2026

**कार्यालय आदेश**

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2022 (विज्ञापन संख्या–01 / 2022) के आधार पर बिहार अवर योजना संवर्ग अंतर्गत पूर्णतः औपबंधिक रूप से परीक्ष्यमान योजना सहायक के रूप में विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–1112 दिनांक–21.02.2024 द्वारा श्री आकाश कुमार को नियुक्त किया गया था। तत्पश्चात उन्हें विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–1113 दिनांक–21.02.2024 द्वारा जिला योजना कार्यालय, पटना में पदस्थापित किया गया। श्री कुमार द्वारा दिनांक–09.03.2024 को जिला योजना कार्यालय, पटना में योगदान समर्पित किया गया था।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर श्री कुमार का चयन सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (ASO) के पद पर किया गया है।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार के कार्यालय आदेश संख्या–234 दिनांक–30.12.2025 द्वारा श्री कुमार को सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (ग्रेड वेतन–4600 / –, वेतन स्तर–7) के पद पर योगदान की तिथि से परीक्ष्यमान रूप में नियुक्त करते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (कारा प्रभाग) झारखंड, राँची में पदस्थापन संबंधी आदेश निर्गत है।

वर्तमान सेवा में श्री कुमार के विरूद्ध कोई विभागीय जांच, अनुशासनिक कार्रवाई / सतर्कता का मामला और कार्यालय का कोई बकाया लंबित नहीं है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में श्री आकाश कुमार, योजना सहायक द्वारा समर्पित त्याग पत्र आवेदन एवं जिला योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, पटना के अनुशंसा के आलोक में श्री कुमार का दिनांक–16.01.2026 के अपराह्न के प्रभाव से इस शर्त्त के साथ त्याग पत्र स्वीकृत किया जाता है कि वर्तमान पद (योजना सहायक) पर श्री कुमार का भविष्य में किसी प्रकार का कोई भी दावा स्वीकार्य नहीं होगा तथा इनका अभ्यर्थित्व समाप्त समझा जायेगा।

2. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –

**(ददन प्रसाद खरवार)**

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था04 / 2–01 / 2026 / यो0वि0,पटना,दिनांक जनवरी, 2026

प्रतिलिपि – अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, क्षेत्रीय योजना कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना / कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना / जिला योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, पटना / श्री आकाश कुमार, योजना सहायक, जिला योजना कार्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक : योoस्थाo4 / 2–01 / 2026 / योoविo,पटना,दिनांक जनवरी, 2026

प्रतिलिपि – सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक : योoस्थाo4 / 2–01 / 2026 260 / योoविo,पटना,दिनांक 16 जनवरी, 2026

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Prasad
16/01/2026

सरकार के उप सचिव